परेशानी

नैनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की फजीहत, प्लेटफॉर्म बढ़ाने की जनमांग तेज

ट्रेन आने से ठीक पहले बदल जाता है प्लेटफॉर्म, पुल पार करने में छूटते हैं पसीने

नैनपुर 28 अक्टूबर नभाप्र. नैनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री गाड़ियों की संख्या में इजाफे के साथ ही रेल यात्रियों की असुविधा भी निरंतर बढ़ती जा रही है। अचानक और निरन्तर हो रहे प्लेटफॉर्म परिवर्तन के कारण यात्री अक्सर परेशान होते देखे जाते हैं। खासकर तब जब गाड़ी आने के ठीक पहले उनके प्लेटफॉर्म में बदलाव कर दिया जाता है, जिससे यात्रियों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

बताया गया कि हाल ही में गोंदिया से चलकर नैनपुर आने वाली मेमू ट्रेन के समय भी इसी तरह का वाक्या सामने आया। यात्री निर्धारित प्लेटफॉर्म पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ट्रेन आने से ठीक पहले प्लेटफॉर्म बदलने की सूचना प्रसारित की गई। इसके बाद यात्रियों को प्लेटफॉर्म एक से दो नंबर तक जाने के लिए रेलवे के लंबे पुल से होकर जाना पड़ा।

आउटर पर खड़ी रहती हैं यात्री गाड़ियां

असुविधा की यह हालत अक्सर सुबह के समय होती है, जब गोंदिया, छिंदवाड़ा और जबलपुर से आने वाली गाड़ियों का समय लगभग आगे पीछे रहता है। एक अन्य बड़ी समस्या यह है कि छिंदवाड़ा से नैनपुर आने वाली यात्री गाड़ी को कभी-कभी तो आधे-आधे घंटे तक आउटर पर रोक कर रखा जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि यदि प्लेटफॉर्म पर इसी समय कोई मालगाड़ी खड़ी हो तो यात्री ट्रेन के लिए प्लेटफॉर्म खाली ही नहीं मिल पाता।

प्लेटफार्म में वृद्ध, बच्चे होते हैं परेशान

अचानक प्लेटफार्म बदलने के कारण यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनता है। प्लेटफॉर्म बदलने के बाद पुल पर चढ़ना और उतरना एक काफी दुस्साहस का काम हो जाता है, खासकर वृद्धों, बच्चों और भारी सामान लेकर चलने वाले यात्रियों के लिए। ट्रेन पकड़ने की जल्दी और सीट पाने की जद्दोजहद इस परेशानी को और बढ़ा देती है। अचानक हुए परिवर्तन के कारण जल्दबाजी में किसी दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है।

जनता की मांग, बढ़े प्लेटफॉर्मों की संख्या

बढ़ती गाड़ियों की संख्या और यात्रियों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए अब नैनपुर में प्लेटफॉर्मों की संख्या में इजाफा करने की जन मांग की जा रही है। साथ ही, प्लेटफॉर्म पर लगे डिस्प्ले बोर्ड में अभी केवल प्लेटफॉर्म नंबर ही दिखाई देता है। रेल प्रशासन से अपेक्षा है कि यदि यात्री गाड़ियों के कोच संख्या का डिस्प्ले भी शुरू कर दिया जाए, तो यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। आमजनों की अपेक्षा है कि रेल प्रशासन इस जन-बाबद कार्यवाही कर नैनपुर प्लेटफॉर्म में सुविधाओं की बेहतरी के लिए जल्द कार्य शुरू करेगा।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ महापर्व

नैनपुर के घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नैनपुर 28 अक्टूबर नभाप्र. चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार को उगते सूर्य को उषा अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। महापर्व की दिव्य छटा पूरे नैनपुर के नदी-तालाब के घाटों पर देखने को मिली। हजारों व्रतियों ने सूर्य देव और छठी मैया को अंतिम अर्घ्य देकर अपना 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत तोड़ा। व्रतियों ने इस दौरान परिवार की सुख-समृद्धि और विशेष रूप से संतान के दीर्घायु की कामना की। सुबह से ही नैनपुर के चकोर नदी और रेलवे तालाब के घाटों पर व्रतियों की भारी भीड़ नजर आई। हालांकि सुबह सूर्य देव बादलों के बीच लुका-छिपी का खेल खेलते रहे और कुछ पल के दर्शन देकर चले गए, लेकिन इससे श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। व्रतियों ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ अंतिम अर्घ्य की रस्म पूरी की।

कलयुगी बेटे ने मां के गर्दन पर मारी कुल्हाड़ी, पारिवारिक विवाद ने लिया खूनी रूप

गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय महिला अस्पताल में भर्ती, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी बेटा, घुघरी के ग्राम लाटो की घटना

घुघरी 28 अक्टूबर नभाप्र. घुघरी थाना क्षेत्र के लाटो ग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक बेटे ने पारिवारिक विवाद में अपनी 60 वर्षीय मां के गर्दन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा वार कर दिया। हमले में मां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए घुघरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार घुघरी के ग्राम लाटो के मुकद्दम टोला निवासी भागवती 60 वर्ष का उनके बेटे कत्तू लाल यादव 38 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर कत्तू लाल ने घर में रखी कुल्हाड़ी से अपनी मां भागवती के गर्दन पर वार कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल भागवती को तुरंत परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल वृद्धा की स्थिति ठीक बताई जा रही है। बताया गया कि वारदात की सूचना घुघरी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही घुघरी थाना प्रभारी पूजा बघेल पुलिस स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा कत्तू लाल यादव मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर पकड़ लिया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। इस घटना से पूरे लाटो क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस द्वारा पारिवारिक विवाद के सटीक कारणों की गहराई से जांच की जा रही है।

ट्रक की चपेट में आते ही बाइक में लगी आग, युवक की दर्दनाक मौत

एनएच 30 पर भीषण हादसा

मुरूमखाप के पास ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

चालक मौके से फरार, पुलिस जांच में जुटी

मंडला 28 अक्टूबर नभाप्र. हिरदेनगर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम मुरूमखाप के पास मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। जबलपुर की ओर से बिछिया जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 3700 की टक्कर बाइक से इतनी भीषण थी कि बाइक सवार को कुचलने के बाद मोटरसाइकिल में तत्काल आग लग गई और वह कुछ दूर तक घिसटती चली गई। टक्कर के बाद युवक का शव बुरी तरह से क्षत-विक्षप्त हो गया था। इस दर्दनाक हादसे को देखकर हाईवे पर मौजूद लोग सहम गए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की शिनाख्त कन्हारी निवासी राजकुमार पिता मुन्ना 28 साल के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही हिरदेनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षत विक्षप्त शव को एकत्रित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। हिरदेनगर चौकी पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की विवेचना शुरू कर दी है। फरार चालक की तालाश जारी है।

कचरा केंद्र बंद, श्मशान घाट बन रहा डंपिंग जोन

स्वच्छता अभियान की खुली पोल, कचरा संग्रहण केंद्र वीरान

नारायणगंज 28 अक्टूबर नभाप्र. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी स्वच्छता अभियान के नाम पर मंडला जिले की जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरिया में शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च करके बनाया गया कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन केंद्र बनकर तैयार होने के बाद से ही वीरान पड़ा है। बताया गया कि पंडरिया पंचायत में बनाया गया यह केंद्र देखरेख और साफ-सफाई के अभाव में किसी भूत बंगले से कम नहीं लगता। पंचायत प्रशासन की घोर उदासीनता के कारण यह केंद्र अब गिरने की कगार पर पहुंच चुका है। केंद्र के गेट पर ताला तक नहीं है, चारों ओर गाजर घास उग आई है, और अंदर मवेशियों का गोबर, कचरा और पुराने कपड़े पड़े हुए हैं।

जानकारी अनुसार जिस केंद्र को कचरा संग्रहण के लिए बनाया गया था, पंचायत प्रशासन ने आज तक उसका उपयोग नहीं किया। इसके साथ ही पंचायत अपनी सुविधा अनुसार वर्षों से ग्राम के कचरे को नजदीकी श्मशान घाट पर ही फेंक रही है, जिसके चलते श्मशान घाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बताया गया कि शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस केंद्र की दयनीय हालत स्पष्ट रूप से सरकारी राशि की खुलेआम होली खेलने की गवाही दे रही है। स्थानीय लोगों ने इस मामले पर जनपद और जिला अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए तुरंत कार्यवाही की मांग की है।

जागरूकता अभियान में आंगनवाड़ी और छात्रों ने ली शपथ, निकाली रैली

बाल विवाह में शामिल होने वाले सेवा प्रदाता भी होंगे दंडित, अधिनियम 2006 की जानकारी दी गई

मंडला 28 अक्टूबर नभाप्र. महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणगंज के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र खैरी क्रमांक 1 में जागरूकता कार्यक्रम और संगोष्ठी में परियोजना अधिकारी द्वारा बाल विवाह को अपराध बताते हुए इसके सामाजिक बहिष्कार का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि अधिनियम की धारा 9, 10, और 11 के तहत बाल विवाह करने या सहयोग देने वाले को दो वर्ष तक का कारावास अथवा एक लाख तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि लड़की की सही उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि विवाह संपन्न कराने वाले पुजारी, दोनों पक्षों के रिश्तेदार, पड़ोसी, मैरिज ब्यूरो, यहाँ तक कि टेंट वाला, बैंड वाला और खाना बनाने वाले जैसे सभी सेवा प्रदाता भी सजा एवं जुर्माने के हकदार होंगे।

मंडला के 10 हृदय रोगी बच्चों की सफल सर्जरी

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में हुए थे चिन्हित

गैलेक्सी हॉस्पिटल में हुई नि :शुल्क सर्जरी, परिवारों में लौटी खुशी

मंडला 28 अक्टूबर नभाप्र. स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर विगत दिवस 01 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय मंडला में आयोजित मेगा कैम्प में हृदय रोग से पीड़ित 10 बच्चों को चिन्हित किया गया था। इस मेगा कैंप में हृदय रोग के 10 बच्चों की निशुल्क सर्जरी और उपचार जबलपुर के गैलेक्सी अस्पताल में कराया गया।

आरबीएसके जिला समन्वयक अर्जुन सिंह ने बताया कि सर्जरी हुए बच्चों में देवासी पिता तेजी लाल सिंगौरे 8 वर्ष, ग्राम आमगांव, जानवी पिता तेजी लाल 11 वर्ष, आमगांव निवास, हर्षित मरावी पिता अनूप मरावी 6 वर्ष, ग्राम तकबेली निवास, पल्लवी संयम पिता पवन 6 वर्ष, ग्राम नेवरगांव मंडला, साइना पिता सौरभ भारतीय 3 वर्ष, सेमरखापा, नवीन बैरागी पिता संतोष बैरागी 18 वर्ष, गवारा निवास, हरीश धूमकेतु पिता शिव कुमार 6 वर्ष, ग्वारा बिछिया, उत्तम नंदा पिता ओमप्रकाश 1 वर्ष, दिवारा बिछिया, सुलोचना धुर्वे पिता लाल सिंह 1 वर्ष, मजगांव नारायणगंज और आरोही उईके पिता कमल सिंह 5 वर्ष, हिरदेनगर मंडला शामिल हैं। बताया गया कि बच्चों के हृदय रोग की सर्जरी प्रक्रिया में ब्लॉक स्तर की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें ब्लॉक निवास की आरबीएसके टीम ने सर्वाधिक 4 बच्चों की सर्जरी कराई। टीम मंडला ने 3 बच्चों की सर्जरी कराई। ब्लॉक बिछिया की टीम ने 2 बच्चों की सर्जरी कराई। ब्लॉक नारायणगंज की टीम ने 1 बच्चे की सर्जरी कराई। सीएचएमओ डॉ. डीजे मोहंती ने कहा कि जिन भी बच्चों में हृदय रोग की समस्या है, उनके अभिभावक तुरंत अपने ब्लॉक की आरबीएसके टीम से जांच कराएं। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय मंडला में संचालित डीईआईसी सेंटर में रजिस्ट्रेशन कराएं, जिससे समय रहते सभी बच्चों का निशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र लिटोरिया ने वरिष्ठ पत्रकार को दी श्रद्धांजलि

भुआबिछिया 28 अक्टूबर नभाप्र. मध्यप्रदेश खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त और पूर्व संभागीय संगठन मंत्री जितेंद्र लिटोरिया ने सामाजिक कार्यकर्ता विनय तिवारी के साथ भुआ बिछिया आगमन पर वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सुनील नामदेव के निज निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री लिटोरिया ने स्वर्गीय सुनील नामदेव के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतृप्त परिवार से मिलकर गहन दुख व्यक्त किया। स्वर्गीय सुनील नामदेव मध्यप्रदेश कृषि मंडी बोर्ड के विशेषज्ञ, पूर्व मंडी अध्यक्ष और एक वरिष्ठ पत्रकार के रूप में जाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। इस अवसर पर उनके पुत्र शिवांग नामदेव, छोटे भाई सुदेश नामदेव, जगदीश ठाकुर, जमुना यादव, नरेश राजपूत, दीपक कटारे, राकेश पुरी गोस्वामी, राकेश यादव, लड्डू राय, सचिन तेकाम, लल्ला यादव, राजेंद्र यादव, ददन यादव और प्रमोद मानिकपुरी सहित नगर के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बाघ की खाल और अवशेष के साथ घेराबंदी करके पकड़े गए आरोपी

वन विभाग और कान्हा टाइगर रिजर्व की बड़ी कार्रवाई

कुल्हाड़ी, हड्डियां और नाखून बरामद, सभी आरोपी न्यायालय में पेश

भुआ बिछिया 28 अक्टूबर नभाप्र. वन्यजीव अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता में वन परिक्षेत्र बिछिया और कान्हा टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने बाघ की खाल और अन्य अवशेषों की तस्करी के आरोप में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने बिछिया-डिंडोरी रोड तिराहे पर घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से बाघ की खाल बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भीमपुर निवासी मिस्तर वट्टी और गोविंद वट्टी के रूप में हुई।

जानकारी अनुसार पकड़े गए आरोपियों पर वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर जप्ती की कार्रवाई की गई। प्रारंभिक पूछताछ और विवेचना के दौरान इस अपराध में सात अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पाई गई। बताया गया कि विगत 26 और 27 अक्टूबर को प्रकरण में संलिप्त अन्य पांच व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर वन्य प्राणी बाघ की हड्डियां, बाल, नाखून जैसे अन्य अवशेषों को भी जप्त किया गया। इसके साथ ही अपराध में प्रयुक्त हथियार, जिनमें कुल्हाड़ी, फरसा और तार को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी सात आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। वन विभाग द्वारा इस गंभीर मामले की विस्तृत जांच और विवेचना जारी है।

हेल्पलाईन-9713644800

परेशानी

कलेक्टर ने एसी को दिए नैनपुर बीईओ और बाबू को हटाने तथा लंबित भुगतान निपटाने के निर्देश

शिक्षकों की क्रमोन्नति और एरियर भुगतान में लापरवाही, सौंपा ज्ञापन

मंडला 28 अक्टूबर नभाप्र. जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लंबे समय से परेशान शिक्षकों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। अपाक्स एवं ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन सहित अन्य संगठनों के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि क्रमोन्नति, डीए एरियर, वेतनमान अनुमोदन और अन्य छोटे-बड़े कार्यों के लिए शिक्षकों को महीनों से कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और बिना सुविधा शुल्क के उनके काम नहीं हो रहे हैं।

अपाक्स जिलाध्यक्ष संजीव सोनी ने कलेक्टर को बताया कि जो शिक्षक सुविधा शुल्क देते हैं, उन्हें एरियर का भुगतान तुरंत हो जाता है, जबकि शेष शिक्षक पढ़ाई, लिखाई छोड़कर कार्यालयों की जी हुजूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने विशेष रूप से नैनपुर ब्लॉक में वेतन अनुमोदन, एरियर भुगतान में भेदभाव और पिछले तीन बार से डीए भुगतान अटके होने की जानकारी दी। शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा उस समय हतप्रभ रह गए, जब उन्हें पता चला कि शिक्षकों को एक साल से अधिक समय से क्रमोन्नति एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि सहायक आयुक्त मंडला ने उसी दिन सुबह सभी भुगतान पूर्ण होने की जानकारी दी थी।

निर्धारित तिथि तक भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने तत्काल सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता और मंडला बीईओ रंजीत गुप्ता को कलेक्ट्रेट में तलब किया। उन्होंने शिक्षकों के सामने ही दोनों अधिकारियों को 21 नवंबर तक सभी प्रकार के एरियर का भुगतान सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। जब अपाक्स जिलाध्यक्ष संजीव सोनी ने नैनपुर बीईओ सुभाष चंद्र चतुर्वेदी और बाबू अशोक यादव की लापरवाही और अनुभवहीनता के कारण बढ़ रही समस्याओं को रेखांकित किया, तो कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने तुरंत एक अनुभवी उच्च माध्यमिक शिक्षक का इंटरव्यू लिया और सहायक आयुक्त को उन्हें नैनपुर बीईओ के पद पर नियुक्त करने का निर्देश दिया। कलेक्टर की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से उत्साहित शिक्षक संजीव दुबे, प्रकाश सिंगौर, शशिबाला राय, सीमा राहंगडाले, अमरसिंह चंदेला, भजन गवले, सनातन सैनी, संजीव सोनी समेत अन्य शिक्षकों ने जिला कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही अपाक्स जिलाध्यक्ष ने सभी ब्लॉक पदाधिकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कार्यालयों में आवश्यक सहयोग करें।